**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 581**
**28 नवंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**दमन और दीव में पीएमएवाई के अंतर्गत निर्मित मकान**

**581. श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेलः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दमन और दीव (यूटी) में प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के अंतर्गत निर्मित मकानों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त योजना के अंतर्गत दमन और दीव में निर्मित मकानों को गिरा दिया गया है;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और कितने मकान गिराए गए हैं; और

(घ) इस मामले में क्या कार्रवाई की गई है/की जा रही है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क) से (घ): जी, हाँ। प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के अंतर्गत दमन और दीव के लिए कुल 9,947 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 9,230 आवास पहले ही पूर्ण किए जा चुके हैं और लाभार्थियों को सुपुर्द कर दिए गए हैं। संघ राज्य क्षेत्र द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, दमन और दीव में पीएमएवाई-यू के अंतर्गत निर्मित किसी भी आवास को ध्वस्त नहीं किया गया है।

*****